देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन
इन्दौर : 452 001

क्रमांक : परीक्षा/स्ववित्त/2026/1113 दिनांक : 15 APR 2026

(विद्यार्थी निर्देशो के बिन्दु क्रमांक तीन के अनुसार पात्रता एवं पाठ्यक्रम पूर्ण करने की समयावधि इत्यादि का अवलोकन करने के पश्चात् ही परीक्षा आवेदन पत्र भरें। अपात्र एवं निर्धारित समयावधि के पश्चात् सम्मिलित होने वाले विद्यार्थीयों का परीक्षा परिणाम अघोषित होकर शून्य होगा।)

//अधिसूचना//

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर की **पी.जी.डी.सी.ए. द्वितीय सेमेस्टर (नियमित/ए.टी.के.टी.), डी.एफ.डी.एम द्वितीय सेमेस्टर (नियमित/ए.टी.के.टी.), की परीक्षाएं माह मई 2026** के अंतिम सप्ताह में प्रारंभ होना प्रस्तावित है। परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाईन/महाविद्यालयों में प्रस्तुत करने की एवं महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की तिथि तथा परीक्षा शुल्क/विलम्ब शुल्क की राशि निम्नानुसार निर्धारित की गई है:–

क्रं.	शुल्क विवरण	परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि (Exam Form Start Date)	छात्र द्वारा महाविद्यालय में परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	महाविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय कार्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
1.	बिना विलम्ब शुल्क	दिनांक 13.04.2026 से	दिनांक 25.04.2026 तक	दिनांक 27.04.2026 तक विश्वविद्यालय को भेजे जावें
2.	विलम्ब शुल्क 100 रू सहित	दिनांक 26.04.2026 से	दिनांक 29.04.2026 तक	दिनांक 30.04.2026 तक विश्वविद्यालय को भेजे जावें
3	कुलगुरू महोदय की विशेष अनुमति से विलम्ब शुल्क रू. 750/–सहित	दिनांक 30.04.2026 से	दिनांक 02.05.2026 तक	दिनांक 04.05.2026 तक विश्वविद्यालय को भेजे जावें
4	परीक्षा प्रारंभ होने से पांच दिन पूर्व तक कुलगुरू महोदय की विशेष अनुमति से विलंब शुल्क राशि रू. 1000/–सहित			महाविद्यालय प्रत्येक दो दिवस में प्राप्त आवेदनों को विश्वविद्यालय को भेजेंगे।

परीक्षा आवेदन–पत्र भरे जाने के संबंध में निम्न निर्देशो का पालन सुनिश्चित किया जावे।

(1) परीक्षार्थियों का परीक्षा शुल्क विवरण संलग्न है।

(2) आवेदन–पत्र/प्रिन्टआउट के साथ अपने पूर्ववर्ती सेमेस्टर की समस्त अंकसूची की प्रतिलिपि आवश्यकरूप से संलग्न करें। महाविद्यालय/संस्थान अभिलेख संलग्न होने का सुनिश्चित होने के पश्चात् ही आवेदन/प्रिन्टआउट विश्वविद्यालय की ओर अग्रेषित करें। यह महाविद्यालय/संस्थान की जिम्मेदारी होगी।

(3) परीक्षार्थी अगले सेमेस्टर की नियमित परीक्षा में तब ही सम्मिलित हो सकेगा जब उसकी समस्त सेमेस्टर मिलाकर ए.टी.के.टी. की संख्या चार या चार से कम होगी। ए.टी.के.टी. की संख्या चार से अधिक होने पर छात्र परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये अपात्र होगा। संस्थान यह सुनिश्चित करे की अपात्र परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो, यह संस्थान प्रमुख की जिम्मेदारी होगी। संस्थान द्वारा ऐसे परीक्षार्थियो का परीक्षा आवेदन ऑनलाईन अनुमोदित नहीं किया जावें। विद्यार्थी भी आवेदन के पूर्व नियमानुसार पात्रता का परीक्षण आवश्यक रूप से कर ले। अपात्र विद्यार्थी परीक्षा आवेदन नही भरें।

(4) परीक्षा आवेदन के प्रिन्ट आउट जमा करने के संबंध में स्पष्ट किया जाता हैं कि परीक्षार्थी द्वारा अपने संस्थान में आनॅलाईन प्रिंट आउट जमा नहीं करने पर संस्थान की जिम्मेदारी होगी कि वह अपने स्तर पर छात्र के ऑनलाईन आवेदन का प्रिंट आउट निकलवाकर सत्यापित कर अवश्य अभिलेख के साथ विश्वविद्यालय कार्यालय में निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें अन्यथा विलम्ब शुल्क के साथ ही प्रिंट आउट स्वीकार किया जावेगा।

(5) जिन परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन भरे जा रहे हैं उनके आंतरिक अंक एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेंगे। अन्य माध्यम से प्राप्त आंतरिक अंकों पर विचार नहीं किया जावेगा इस संबंध में अनावश्यक पत्राचार भी नहीं करें।

अविरत....2

(6) उपाधियों के नामकरण कार्यालयीन परिपत्र क्रमांक शैक्षणिक/उपाधि/05/938 दिनांक 10/05/2005 अध्याधीन रहेंगे।

स्ववित्त/व्यावसायिक/विधि पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाओं के लिये वर्ष 2025–26 की परीक्षा शुल्क निम्नानुसार रहेगा :–

संकलित शुल्क तालिका इस प्रकार रहेगी

क्र.	संकलित शुल्क	स्नातकोत्तर स्तर (पी.जी.)
1	समस्त विषयो के लिए	रू. 4200/–
2	ए.टी.के.टी. (एक विषय के लिए)	रू. 1500/–
3	ए.टी.के.टी. (दो विषय के लिए)	रू. 2400/–
4	ए.टी.के.टी. (दो से अधिक विषयों के लिए)	रू. 4200/–

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठा. क्रः परीक्षा/स्ववित्त/2026/1113 दिनांक :– 15 APR 2026

प्रतिलिप :–

1. श्रीमान सम्पादक महोदय, दैनिक ------------------------------------इन्दौर की और भेजकर निवेदन है कि वे इस समाचार को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में समाचार वृत्त के रूप में निःशुल्क प्रकाशित कर अनुग्रहित करें।
2. समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या, संबंधित महाविद्यालय की और सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु इस निवेदन के साथ अग्रेषित की वे उपरोक्त कॉलम चार में दर्शायी तिथि को परीक्षा आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करवायेंगे। निर्धारित तिथि के बाद विश्वविद्यालय कॉलम दो के शुल्क के साथ आवेदन–पत्र मान्य नहीं करेगा।
3. संकायाध्यक्ष, छात्र–कल्याण,
4. समस्त अधिकारी, अनुभाग अधिकारी,
5. कुलगुरू के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक,– **देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर**
6. परीक्षा/गोपनीय विभाग के संबंधित सहायक
7. प्रभारी आई.टी.सेन्टर,
8. **प्रभारी एम.पी.ऑनलाईन की ओर इस आशय के साथ की अपात्र विद्यार्थी परीक्षा आवेदन पत्र नही भर सके इस हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें।**
9. प्रभारी टंकण कक्ष
10. पूछताछ कक्ष, की और सूचनार्थ अग्रेषित।
11. शाखा प्रबंधक विश्वविद्यालय प्रागंण शाखा, स्टेट बैक ऑफ, इण्डिया

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

E/Shiva Rana/A 2015/130426/01